<u>SAMPLE QUESTION PAPER</u>

SUBJECT – HINDI (MIL)

CLASS – IX

FULL MARKS: 80 | PASS MARKS: 24 | TIME: 3 HOURS

General Instructions:
(i) The candidates are advised to attempt all questions accordingly.
(ii) Marks allocated to every question is indicated against each.
(iii) Do not copy the questions. Write only the answers and number them correctly.

<u>SECTION – ‘A’ / खण्ड – ‘क’</u>

(गद्य – भाग)

1. नीचे दिए गए सही कथन के सामने ‘सही’ (✓) और गलत के सामने ‘गलत’ (x) का चिन्ह लगाएँ : **(1 x 5 = 5)**

(क) कुमार एक अच्छा और चरित्रवान व्यक्ति था। ( )
(ख) डॉ० भीमराव अंबेडकर के पिता का नाम श्यामजी मौला था। ( )
(ग) बचपन में जगतसिंह एक सीधा-साधा बालक था। ( )
(घ) ‘कितना बदला मेरा गाँव’ पाठ के लेखक का गाँव समकोला था। ( )
(ङ) डॉ० भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल, 1891 ई० में हुआ था। ( )

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर एक-दो वाक्यों में लिखिए :- **(2 x 2 = 4)**
(क) अपने किन गुणों के कारण कुमार को अच्छा आदमी कहा गया है?
(ख) उनका नाम ‘भीम सकपाल’ से भीमराव अंबेडकर कैसे पड़ा?
(ग) जगतसिंह के चरित्र की प्रमुख विशेषताएँ गिनाइए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर (लगभग 50 शब्दों में) लिखिए :- **(3 x 2 = 6)**
(क) कुमार का मंत्र-तंत्र क्या था?
(ख) डॉ० अंबेडकर को बड़ौदा रियासत का सैनिक सचिव का पद क्यों छोड़ना पड़ा?
(ग) नीमड़ी से लेखक की कौन-सी यादें जुड़ी हुई हैं?

4. ‘डॉ० भीमराव अंबेडकर’ जीवनी का सारांश (लगभग 100 शब्दों में) लिखिए। **(5 x 1 = 5)**

अथवा

निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या (लगभग 100 शब्दों में) कीजिए :-
“जान पड़ता है, ये कुछ मंत्र-तंत्र जानते हैं।”

<u>SECTION – ‘B’ / खण्ड – ‘ख’</u>

(पद्य भाग)

5. कोष्ठक में दिए गए शब्दों की मदद से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :- **(1 x 4 = 4)**

(विष, प्यारी, बेचारी, खातिर)

(क) अपनी _________ कब जीती है,

(ख) कोई भी _________ माँ,

(ग) अमृत देकर _________ पीती है,

(घ) देखो, कितनी _________ माँ!

6. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए :- **(2 x 3 = 6)**

(क) किस स्थिति में माँ के दिल को चोट पहुँचती है?

(ख) रानी लक्ष्मीबाई हमें क्या सीख दे गईं?

(ग) धन-संग्रह के संबंध में कबीरदास के क्या विचार हैं?

(घ) सच्चे मित्र की कसौटी क्या बताई गई है?

7. 'देखो, कितनी प्यारी माँ!' शीर्षक कविता का सारांश लिखिए। **(5 x 1 = 5)**

अथवा

'झाँसी की रानी' शीर्षक कविता का सारांश लिखिए।

8. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :- **(5 x 1 = 5)**

(क) नया शब्द दो, नया अर्थ दो,
एक शब्द भी नहीं व्यर्थ दो,
'अमित अरथ अति आखर थोरे',
ऐसी विलक्षण उक्ति दो माँ!
हमें सृजन की शक्ति दो माँ!

अथवा

(ख) पावस देखि रहीम मन, कोइल साधे मौन।
अब दादुर बकता भए, हमको पूछत कौन।।

SECTION – 'C' / खण्ड – 'ग'

(संचयन)

9. खंड-'अ' में दिए गए शब्दों का मिलान खण्ड-'ब' में दिए गए शब्दों से कीजिए : **(1 x 4 = 4)**

खण्ड-'अ'	**खण्ड-'ब'**
(क) सोनजुही	— साँप
(ख) डाकखाना	— एस० के० पोट्टेकाट्ट
(ग) कुआँ	— पीली कली

(घ) हामिद खाँ — चिट्ठियाँ

10. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर (लगभग 50 शब्दों में) लिखिए :- **(3 x 2 = 6)**

(क) गिलहरी के घायल बच्चे का उपचार किस प्रकार किया गया?

(ख) भाई के बुलाने पर घर लौटते समय लेखक के मन में किस बात का डर था?

(ग) हामिद खाँ ने खाने का पैसा लेने से इंकार क्यों किया?

11. 'श्रीराम शर्मा' जी की जीवनी एवं उनकी कृतियों के बारे में (लगभग 100 शब्दों में) लिखिए। **(5 x 1 = 5)**

अथवा

'गिल्लू' शीर्षक संस्मरण का सारांश (लगभग 100 शब्दों में) लिखिए।

SECTION – 'D' / खण्ड – 'घ'

(व्याकरण एवं रचना)

12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :- **(1 x 7 = 7)**

(क) 'धोबी' शब्द का स्त्रीलिंग रूप कौन-सा है?

(i) धोबीन (ii) धोबिन (iii) धोबिआइन (iv) धोबीइन

(ख) 'नीति' शब्द का बहुवचन रूप कौन-सा है?

(i) नीतीयों (ii) नीतिऐं (iii) नीतियाँ (iv) नीतिआएँ

(ग) 'मनोरथ' शब्द का संधि-विच्छेद कौन-सा है?

(i) मनो + रथ (ii) मन: + रथ (iii) मन + रथ (iv) मन + रोथ

(घ) उत् + ज्वल का संधि रूप क्या है?

(i) उदज्वल (ii) उज्ज्वल (iii) उड्जल (iv) उदल

(ङ) 'चंद्रमुख' किस समास का उदाहरण है?

(i) तत्पुरुष समास (ii) कर्मधारय समास (iii) द्वन्द्व समास (iv) द्विगु समास

(च) 'चौमासा' समस्त शब्द का विग्रह रूप कौन-सा है?

(i) चार मासों वाला (ii) चार मासों (महीनों) का समूह

(iii) चार महीनों का (iv) चार मासों का समय

(छ) 'अंधे की लाठी' (मुहावरे) का अर्थ बताइए :-

(i) अंधे की लकड़ी (ii) लाठी का सहारा

(iii) एकमात्र सहारा (iv) सुरक्षा के लिए लाठी

13. संधि किसे कहते हैं? **(2 x 1 = 2)**

14. वचन किसे कहते हैं? उसके भेदों को उदाहरण सहित लिखिए। **(2 + 1 = 3)**

15. कारक के कितने भेद हैं? उनके नाम लिखिए। **(2 x 1 = 2)**

(1 x 3 = 3)

16. निम्नलिखित प्रत्ययों के योग से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए :-

उदाहरण : मानव — मानवता

(i) पशु (ii) नीरोग (iii) कड़वा

17. सखी या मित्र को शिक्षा के महत्त्व पर एक पत्र लिखें। **(8 x 1 = 8)**

अथवा

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर (लगभग 200 शब्दों में) निबंध लिखिए :-

(क) देश हमारा सबसे न्यारा (ख) मोर – हमारा राष्ट्र-पक्षी (ग) मैंने होली कैसे मनाई